World Suicide Prevention Day

Identifying Suicidal Tendencies & rendering requisite intervention by spanning serenity, a session was tranquilized by Dr. Siddharth Sinha, RINPAS and Brahma Kumaris Sisters for various Ranks of CRPF at Jharkhand Sector HQR, Ranchi today on World Suicide Prevention Day.

ब्रीफ न्यूज

जवानों को दी डिप्रेशन से बचने की सलाह

रांची. सीआरपीएफ के ग्रुप केंद्र, रांची में वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे के मौके पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान रिनपास के मनोचिकित्सक डॉ सिद्धार्थ सिन्हा ने जवानों और अधिकारियों को डिप्रेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने डिप्रेशन के लक्षण और उससे बचाव के बारे में बताया. डॉ सिन्हा ने बताया कि अगर कोई जवान अकेला रहने लगे, परेशान दिखे, तो उससे बात कर उसकी परेशानी समझने की कोशिश करें. इससे आनेवाली घटना को रोका जा सकता है. मौके पर ब्रह्मकुमारी की रासमति बहन ने भी जवानों का मनोबल बढ़ाया. उन्होंने तनाव दूर करने में मेडिटेशन के महत्व की जानकारी दी. कार्यक्रम के दौरान सीआरपीएफ झारखंड चैप्टर के आइजी संजय आनंद लाठकर व अन्य अधिकारी भी मौजूद थे.

प्रभात खबर
Tue, 11 September 2018
epaper.prabhatkhabar.com/c/3207774